## फोर्ब्स इंडिया सिलेब्रिटी लिस्ट के 'दबंग' बने कोहली, सलमान-अक्षय तक पीछे




**सचिन तेंडुलकर हैं 9वें नंबर पर**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली फोर्ब्स इंडिया द्वारा जारी सबसे अधिक कमाई करने वाले टॉप–100 सिलेब्रिटीज की सूची में बॉलिवुड के 'दबंग' सलमान खान को पीछे छोड़ते हुए नए 'दबंग' बन गए हैं। कोहली की कमाई अक्षय कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों से भी अधिक है। कोहली इस रैंकिंग में 2018 में दूसरे स्थान पर थे जबकि सलमान पहले स्थान पर थे। इस साल कोहली 252.72 करोड़ रुपये की कमाई के साथ सलमान को पीछे छोड़ते हुए पहले स्थान पर पहुंच गए हैं।

सलमान 229.25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। अक्षय कुमार बीते साल तीसरे स्थान पर थे लेकिन इस साल वह 293. 25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस सूची में अमिताभ बच्चन 239.25 करोड़ रुपये के साथ चौथे स्थान पर हैं। बीते साल अमिताभ सातवें स्थान पर थे। इस सूची में शामिल खिलाड़ियों में पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी 135.93 करोड़ रुपये की कमाई के साथ पांचवें स्थान पर हैं। धोनी बीते साल भी इसी नंबर पर थे।

इसके बाद सचिन तेंडुलकर का नंबर है, जो 9वें स्थान पर हैं। सचिन की कमाई 76.96 करोड़ रुपये आंकी गई है। वह बीते साल भी इसी क्रम पर थे। सूची में 12 स्थान की छलांग लगाते हुए रोहित शर्मा (54.29 करोड़ रुपये) के साथ 11वें क्रम पर पहुंच गए हैं। इसके बाद युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 29.19 करोड़ रुपये के साथ 30वें स्थान पर थे।

# आईपीएल इतिहास में सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी कमिंस

**क्रिकेट**

## पैट कमिंस को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 15.50 करोड़ में खरीदा

मैक्सवेल को किंग्स इलेवन पंजाब ने पौने 11 करोड़ रुपये में खरीदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। आईपीएल के 13वें संस्करण के लिए खिलाड़ियों की नीलामी जारी है। इस बीच नीलामी की शुरुआत में ही ऑस्ट्रेलियाई फास्ट बोलर पैट कमिंस ने इतिहास रच दिया है। उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने साढ़े 15 करोड़ रुपये की कीमत में अपने खेमे में किया। कमिंस से पहले उनके हमवतन ऑलराउंडर खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल को किंग्स इलेवन पंजाब ने पौने 11 करोड़ रुपये में खरीदा।

2 करोड़ की बेस प्राइज वाल पैट कमिंस का नाम जब नीलामी के लिए सामने आया तो रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने शुरुआत से उन्हें अपने खेमे में लाने का जोर लगाया। दोनों फेंचाइजियां इस खिलाड़ी की कीमत 14.50 करोड़ रुपये तक पहुंचा चुकी थीं। लग रहा था टेस्ट रैंकिंग में नंबर 1 इस तेज गेंदबाज को सिर्फ दिल्ली और बेंगलुरु की टीमें अपनी टीमें लेने के लिए जोर दिखा रही हैं।



लेकिन बहुत देर तक इस बोली से दूर बैठी कोलकाता नाइट राइडर्स ने अचानक 15 करोड़ की बोली लगाकर अपनी एंट्री की और इस खिलाड़ी को 15.50 करोड़ रुपये में अपने खेमे में कर लिया। आईपीएल इतिहास में किसी विदेशी खिलाड़ी पर पहली बार इतनी ज्यादा रकम बरसी है।

**आईपीएल में अभी तक कमिंस**

पैट कमिंस ने आईपीएल में पहली साल 2014 में एंट्री की थी, तब भी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने ही उन्हें चुना था। इसके बाद साल 2017 में दिल्ली डेयरडेविल्स अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम ने उन्हें 4.5 करोड़ रुपये में अपने खेमे में किया। एक साल बाद 2018 अडिशन में वह 5.4 करोड़ में मुंबई इंडियंस की टीम का हिस्सा बने। हालांकि तब वह चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे।

## विराट कोहली की आक्रामकता से खफा पोलार्ड,कहा- पूछो उनसे ऐसा क्या करते हैं?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



विशाखापत्तनम। वेस्ट इंडीज के खिलाफ मौजूदा सीरीज में भारतीय कप्तान विराट कोहली काफी आक्रामक रूप में है और विरोधी कप्तान कायरन पोलार्ड को समझ नहीं आ रहा कि आखिर हुआ क्या है। टी20 सीरीज के दौरान कोहली ने 'नोटबुक फाड़ने के अंदाज' में जश्न मनाया। इसके बाद चेन्नै में पहले वनडे में मैदानी अंपायर शान जार्ज ने रविंद्र जडेजा के रनआउट का फैसला तीसरे अंपायर को सौंपा तो भी वह उखड़ गए थे।

पोलार्ड ने दूसरे वनडे में 107 रन से मिली हार के बाद कोहली के बारे में पूछने गए सवाल पर कहा, ' आपको उनसे ही पूछना होगा कि वह इतने आक्रामक क्यों थे। मैं इसका जवाब नहीं दे सकता। मुझे समझ नहीं आ रहा। उनसे ही पूछिए।'

हार को लेकर पोलार्ड ने कहा, ' हम अच्छी स्थिति में थे लेकिन लगातार विकेट गिरने से दबाव में आ गए। लक्ष्य का पीछा करते हुए हमसे यह गलती हो रही है और हम यह स्वीकार करते हैं।' मैच में रोहित शर्मा को 70 के स्कोर पर शिमरोन हेटमायर ने जीवनदान दिया लेकिन पोलार्ड ने टीम की फील्डिंग का बचाव करते हुए कहा कि कुल मिलाकर फील्डिंग का स्तर अच्छा था।

उन्होंने कहा ,' वनडे और टी20 में प्रदर्शन अच्छा रहा। स्तर बेहतर हुआ है लेकिन हम भी इंसान हैं। हम गलतियां करते हैं। इन गलतियों का बार बार प्रसारण किया जाता है जिससे लोग राय बना देते हैं।'

## मेरे लिए 2019 निराशाजनक रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। भारतीय शतरंज दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने गुरुवार को माना कि नतीजों के हिसाब से उनके लिए साल 2019 बेहद ही खराब रहा लेकिन 'कुछ खराब पल' ना होते तो उनके लिए स्थिति अलग होती। पांच बार के इस विश्व चौम्पियन के लिए 2019 अच्छे नतीजे नहीं है। वह 81वें टाटा स्टील मास्टर्स में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। वह अजरबैजान के शमकिर में खेले गये गाशिमोव स्मारक शतरंज टूर्नामेंट में भी इसी पायदान पर है। आनंद ने कहा कि केवल व्यक्तिगत प्रदर्शन के मामले में ही नहीं बल्कि देश के दृष्टिकोण से भी कहा 2019 भारतीय शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक अच्छा नहीं रहा। आनंद ने यहां कहा, '' शतरंज के दृष्टिकोण से बात करूं तो 2019 मेरे लिए और शायद भारत के लिए भी निराशाजनक रहा। हमारे पास शानदार खिलाड़ी होते हुए भी कोई भी कैंडिडेट टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका। निजी तौर पर मुझे लगता है कि आखिरी क्षणों में मैंने लचर प्रदर्शन किया। '' उन्होंने कहा, '' कई टूर्नामेंटों में आधे सफर तक मैं अच्छी स्थिति में था लेकिन उसके बाद मैंने बार–बार एक ही तरह की गलती दोहरायी। '' आनंद यहां स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपनी पुस्तक 'माइंड मास्टररू विनिंग लेसन फ्राम ए चौम्पियन्स लाईफ' की पंक्तियां पढ़ने के लिए मौजूद थे।

## न्यूज डायरी




### दीपक चहर बाहर, नवदीप सैनी को मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कटक। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज दीपक चहर चोट के चलते वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे से बाहर हो गए हैं। चहर की जगह नवदीप सैनी को टीम में शामिल किया गया है। दीपक को पीठ के निचले हिस्से में तकलीफ के चलते बाहर किया गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने जांच के बाद चाहर को आराम करने की सलाह दी है। मेडिकल टीम ने कहा, इस तेज गेंदबाज को आराम करने की जरूरत है, जब तक वे फिट नहीं हो जाते। दीपक चहर ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान पीठ में दर्द की शिकायत की थी। इसके पहले भुवनेश्वर कुमार और शिखर धवन चोट के चलते पहले ही बाहर हो चुके हैं। भुवी की जगह शार्दुल और शिखर की जगह मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया गया है।

### विशाखापत्तनम में भारत की बेजोड़ जीत, रोहित और कुलदीप ने बरसाए रेकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापत्तनम। वनडे सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय टीम ने बुधवार को वेस्ट इंडीज को विशखापत्तनम में वेस्ट इंडीज को 107 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही दोनों टीमें 1–1 से बराबरी पर आ गई हैं। टीम इंडिया ने रोहित शर्मा (159 रन, 138 गेंद, 17 चौके और 5 छक्के) और केएल राहुल (102 रन, 104 गेंद, 8 चौके, 3 छक्के) की शतकीय पारी के अलावा श्रेयस अय्यर (32 गेंदों में 53 रन) और ऋषभ पंत (16 गेंदों में 39 रन) की तूफानी बैटिंग की मदद से 5 विकेट पर 387 रन बनाए। इसके बाद कुलदीप यादव की हैट–ट्रिक और मोहम्मद शमी के 3 विकेटों की बदौलत मेहमान टीम को 280 रनों पर समेट दिया। मैन ऑफ द मैच रोहित शर्मा के लिए यह 8वां मौका था जब उन्होंने वनडे में 150 या उससे अधिक का स्कोर किया। यह वर्ल्ड रेकॉर्ड है। उनके बाद डेविड वॉर्नर (6 बार), सचिन तेंडुलकर (5 बार) और क्रिस गेल (5 बार) का नंबर आता है।

### यह मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ, 10 महीने से था दवाब: कुलदीप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** विशाखापत्तनम। खराब फार्म के कारण टीम से निकाले जाने पर पिछले कुछ अर्से से दबाव महसूस कर रहे कुलदीप यादव ने वेस्ट इंडीज के खिलाफ हैटट्रिक को अपना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन करार दिया। 2017 से 2019 तक टीम का अभिन्न अंग रहे कुलदीप पिछले आईपीएल से खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। विश्व कप में भी उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह चार महीने तक टीम से बाहर रहे। वह बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दो हैटट्रिक लगाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए। उन्होंने भारत की 107 रन से जीत के बाद कहा , ' पिछले दस महीने काफी कठिन थे। लगातार अच्छा खेलने के बाद ऐसा दौर आता है जब विकेट नहीं मिलते और आप अपनी गेंदबाजी को लेकर सोच में पड़ जाते हैं। विश्व कप के बाद मैं टीम से बाहर रहा। उसके बाद चार महीने काफी मेहनत की।' उन्होंने कहा , ' वेस्ट इंडीज के खिलाफ मुंबई में टी20 मैच पिछले चार साल में भारत का पहला मैच था।

### पूर्व भारतीय ओपनर जाफर को किंग्स इलेवन पंजाब ने बनाया बल्लेबाजी कोच!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व ओपनर वसीम जाफर इंडियन प्रीमयर लीग की फ्रेंचाइजी टीम किंग्स इलेवन पंजाब के नए बल्लेबाजी कोच हो सकते हैं। इस बारे में फिलहाल टीम की तरफ से कोई घोषणा नहीं की गई है। आज दोपहर कोलकाता में आईपीएल 2020 के लिए नीलामी होनी है। पंजाब की टीम 42.70 करोड़ की रकम के साथ नीलामी में शामिल हो रही है।

41 साल के जाफर ने भारत की तरफ से 31 टेस्ट और दो वनडे मुकाबला खेला है। भले ही उनको आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिला हो लेकिन वह अब किंग्स इलेवन पंजाब की के बल्लेबाजी कोच की भूमिका में नजर आएंगे। इस बात को जानकारी फिलहाल तो आधिकारिक तौर पर नहीं दी गई है लेकिन टीम की वेवसाइट पर जाफर का नाम बतौर बल्लेबाजी कोच लिखा हुआ है।